# श्याम खाटूवाले | by Khushal Shankar

मेरी हैसियत से बढ़कर झोली को भर दिया है
मेरे श्याम खाटूवाले तेरा शुक्रिया है

भक्ति में हुआ मगन में विश्वास किया है तुझ पर
कृपा से भरी निगाहें रहती हैं तेरी मुझ पर
तेरी रहमतों की बारिश से महक रहा जिया है
मेरी हैसियत से बढ़कर.............

पकड़ा है जबसे दामन मुझको था तू निहारा
होकर मैं तेरा जीता दुनिया का बन के हारा
तेरे नाम का प्याला श्रद्धा से जो पिया है
मेरी हैसियत से बढ़कर.............

अपनी शरण से मुझको पल भी ना दूर करना
कहे नाटी गोनियाना सदा सर पे हाथ धरना
तुझको मैं सारा जीवन अर्पण जो कर दिया है
मेरी हैसियत से बढ़कर.............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-khushal-shankar/